an>

Title: Need to establish Kendriya Vidyalayas in Bhind and Datia, Madhya Pradesh besides setting up a Sainik School in Bhind.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : मध्य प्रदेश के भिंड तथा दतिया जिले शिक्षा की गुणवत्ता में पीछे है। इस क्षेत्र के बच्चे कर्मठ एवं लगनशील हैं। अनुकूल वातावरण के अभाव में शिक्षा का अपेक्षित स्तर नहीं रह पाता है।

भिंड जिले में बड़े पैमाने पर सेना में लोग भर्ती होकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। उनके बच्चों की अच्छी शिक्षा नहीं हो पाती है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भिंड जिले से 4 हजार से अधिक सैनिक भारतीय सेना में कार्यरत हैं तथा 6537 पूर्व सैनिक तथा 1301 युद्ध विधवाएं हैं। इनके बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय खोले जाना आवश्यक है।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि भिंड में कम से कम दो एवं दतिया में एक अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय खोला जाए। भिंड में एक सैनिक स्कूल खोला जाए, जिससे सैनिकों के बच्चों को सेना में अफसर बनने के अवसर मिल सके।